# पुलिस थाना-राजातालाब, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## उत्तर प्रदेश पिन नं-221108

सी.यू.जी. नं.-7839856924 ई-मेल- policerajatalab@gmail.com

# प्रेस नोट

## मु0अ0सं0 0193/2023 धारा 376/354/313/323/504/506 भादवि थाना राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी

श्रीमान पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी महोदय व श्रीमान पुलिस उपायुक्त गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी के कुशल नेतृत्व में क्षेत्र में बढते अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 22.11.2023 को मै प्रभारी निरीक्षक सुमित्रा देवी मय हमराह हमराह हे0का0 सुनील सरोज व का0 प्रदीप यादव रवानाशुदा रफ्ता रपट रो0आम तारीखी इमरोजा से मय गिरफ्तारशुदा एक नफर अभियुक्त विपिन मिश्रा पुत्र रमेश मिश्रा निवासी ग्राम अषाण थाना मिर्जामुराद जनपद वाराणसी के जेर हिरासत हमराही व जेर निगरानी खुद के मय एक किता गिरफ्तारी मेमो सम्बन्धित मु0अ0सं0 0193/2023 धारा 376/354/313/323/504/506 भा.द.वि. के उपस्थित थाना आया। अभियुक्त ताजा से पाक साफ है की बाद लिवाने जामा तलाश समक्ष आरिन्दगान सन्तरी पहरा से लिवायी गयी 80 रूपये नगदमिला बाद जामा तलाशी दाखिल हवालात मर्दाना किया गया जो पहले से खाली व साफ था अब एक नफर अभियुक्त मौजूद है। हुलिया- गेहुंआ रंग, आंख, नाक, कान कद औसत, एकहरा मजबूत जिस्म उम्र लगभग 30 वर्ष तथा जामा तलाशी का पैसा अन्दर मालगृह रखवाकर तालामालगृह व बन्दीगृह ठीक सन्तरी के दिखाया गया। चाभी पूर्ववत है। विवरण गिरफ्तारी इस प्रकार है मै प्रभारी निरीक्षक मय हमराह उपरोक्त के थाने से रवाना होकर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विपन मिश्रा उपरोक्त की तलाश पतारसी, सुरागरसी में रानीबाजार में मामूर था कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि सब्जी मण्डी राजातालाब के पास विपिन मिश्रा उपरोक्त मौजूद है यदि जल्दी करे तो मिल सकता है। सूचना पर विश्वास कर मय मुखबिर के सब्जीमण्डी से पहले आया कि मुखबिर वहीं दूर से ही इशारा करके बताया कि काली रंग की जैकेट पहने ओवर ब्रिज की साइड में अकेले में खड़ा व्यक्ति ही विपिन है वापस चला गया। हम पुलिस वाले एकबारगी उस व्यक्ति के पास पहुंचकर पकड़कर नाम पता पूछा गया तो अपना नाम विपिन मिश्रा पुत्र रमेश मिश्रा निवासी आसाढ थाना मिर्जामुराद बताया। जिसे यह अवगत कराते मु0अ0सं0 0193/2023 धारा 376/354/313/323/504/506 भा.द.वि. में नामजद वांछित अभियुक्त हो बताकर समय 12.55 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तारी के समय मानवाधिकार आयोग व सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों का पालन किया गया। गिरफ्तारी की सूचना मौके पर मौजूद अभियुक्त के पिता रमेश मिश्रा को दिया गया।

### गिरफ्तार का विवरण:-

1.. विपिन मिश्रा पुत्र रमेश मिश्रा निवासी ग्राम अषाण थाना मिर्जामुराद जनपद वाराणसी उम्र करीब 30 वर्ष

**बरामदगी का विवरण:-** निल

**अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 0193/2023 धारा 376/354/313/323/504/506 भा.द.वि.

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय -**

दिनांक 22/11/2023 को करीब 12.55 बजे सब्जी मण्डी राजातालाब  थाना राजतालाब जनपद वाराणसी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-**

1.. श्रीमती सुमित्रा देवी प्रभारी निरीक्षक थाना राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी

2. हे0कां0 सुनील कुमार सरोज थाना राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी

3. कां0 प्रदीप यादव थाना राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी

4. चालक हे0कां0 ओम प्रकाश राय थाना राजातालाब कमिश्नरेट वाराणसी

प्रभारी निरीक्षक
थाना राजातालाब
पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी